सं. ए-12026/1/2004-प्रशा. II
भारत सरकार
योजना आयोग

योजना भवन, संसद मार्ग,
नई दिल्ली - 110 001
दिनांक : 30 अगस्त, 2005

सेवा में,

**केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग**

विषय: **योजना आयोग में तदर्थ प्रतिनियुक्ति आधार पर कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक के एक पद को भरना।**

महोदय,

योजना आयोग द्वारा 5500-175-9000 रुपये के वेतनमान में कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक के एक पद को, तदर्थ प्रतिनियुक्ति के आधार पर प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए अथवा नियमित उम्मीदवार के उपलब्ध होने तक जो भी पहले हो, भरा जाना है । नियमित उम्मीदवार के एक वर्ष बाद भी उपलब्ध न होने की स्थिति में प्रतिनियुक्ति की अवधि आगे एक वर्ष के बाद भी बढ़ाई जा सकती है। केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों तथा उनके संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों के जो कर्मचारी सदृश पद पर कार्य कर रहे हों अथवा जिन्होंने क्रमशः अपने-अपने ग्रेड में 5000-150-8000 रुपये के वेतनमान में कम से कम 3 वर्ष की सेवा की हो अथवा 4500-125-7000 रुपये के वेतनमान में कम से कम 8 वर्ष की सेवा की हो अथवा 4000-100-6000 रुपये के वेतनमान में कम से कम 10 वर्ष की सेवा की हो तथा जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक योग्यताएं हों, वे आवेदन करने के पात्र हैं-

**अंग्रेजी अथवा हिन्दी में स्नातकोत्तर डिग्री तथा डिग्री स्तर** पर हिन्दी अथवा अंग्रेजी (क्रमशः) **एक अनिवार्य और ऐच्छिक विषय रहा हो ।**

**[हिन्दी अनुवादक के रूप में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी]**

केन्द्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि वे इस रिक्ति को अपने नियंत्रणाधीन कार्यरत सभी पात्र कर्मचारियों के नोटिस में लाएं तथा जो इच्छुक हैं तथा चयन होने की स्थिति में, जिन्हें कार्यभार ग्रहण करने हेतु एक महीने के भीतर कार्यभार मुक्त किया जा सके, उनके आवेदन पत्र संलग्न प्रोफार्मा में (दो प्रतियों में) आवेदक तथा कार्यालयाध्यक्ष अथवा हस्ताक्षर करने के लिए उसकी ओर से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भली-भांति हस्ताक्षरित करवा कर अग्रेषित कर दिए जाएं। पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज भी होने चाहिएं :-

(क) विशिष्ट अनापत्ति/संवर्ग अनुमति ;
(ख) संबंधित आवेदक का अद्यतन वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट डोजियर अथवा पिछले पाँच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की फोटो प्रतियाँ जो अवर सचिव अथवा इससे उच्च स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से अनुप्रमाणित हों ;

(ग) संलग्न प्रपत्र में सतर्कता निकासी यह दर्शाते हुए कि आवेदक के विरूद्ध कोई अनुशासनिक/आपराधिक कार्रवाई न तो लम्बित है/और न ही अपेक्षित है ;

(घ) संलग्न प्रपत्र में उपसचिव अथवा इससे उच्च स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र ; और

(ङ) पिछले दस वर्षों के दौरान आवेदक पर लगाए गए मुख्य/लघु शास्ति के ब्यौरे, यदि कोई हो तो अथवा संलग्न प्रपत्र में " दण्ड नहीं प्रमाण पत्र", जो भी लागू हो।

इस रिक्ति को एम्प्लाएमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में भी प्रकाशित किया जा रहा है। योजना आयोग में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इसके प्रकाशन की तारीख से 60 दिन की होगी और पात्रता निर्धारण की निर्णायक तिथि आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि होगी। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन पत्र अवर सचिव (प्रशासन-2), योजना आयोग, कमरा सं0 516, योजना भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 को भेज दिए जाएं । अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों अथवा जो निर्धारित प्रपत्र में न हो अथवा जो अधूरे हो अथवा अंतिम तिथि से पहले उचित माध्यम से प्राप्त न होने वाले अग्रिम आवेदनो पर विचार नहीं किया जाएगा ।

भवदीय,

(हस्ताक्षर)
(आर. के. परमार)
अवर सचिव, भारत सरकार

प्रति प्रेषित :

1. हिन्दी अनुभाग, योजना आयोग।
2. योजना आयोग में मानक वितरण/सूचना पट्ट।
3. राजभाषा विभाग [ ध्यानार्थ : श्री मोतीलाल, अवर सचिव (सेवा)] , लोकनायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली को उनके का. ज्ञा. सं0 5/10/2004-राजभाषा (सेवा), दिनांक 23.08.2004 के संदर्भ में।
4. संयुक्त निदेशक (राजभाषा) योजना आयोग।

## प्रोफार्मा

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम | |
| 2. | वर्तमान धारित पद और इसकी स्थिति अर्थात् क्या इस पद पर नियमित अथवा तदर्थ आधार पर हैं। क्या यह संवर्ग अथवा संवर्ग बाह्य पद है ? | |
| 3. | यदि वर्तमान पद तदर्थ आधार पर धारित है अथवा यदि यह एक संवर्ग बाह्य पद है, तो धारित स्थायी पदः | |
| 4. | जन्म तिथिः | |
| 5. | कार्यालय जहाँ कार्यरत हैं | |
| 6. | वर्तमान वेतन तथा वेतनमानः | |
| 7. | शैक्षिक योग्यताएं | |
| 8. | अनुभव (प्रमाण-पत्रों की सत्यापित प्रतियां संलग्न करें) | |
| 9. | विशेष योग्यता, यदि कोई हो | |
| 10. | वर्तमान पद पर नियमित नियुक्ति की तारीख | |
| 11. | पिछले संवर्ग बाह्य पद, यदि कोई हो, से लौटने की तारीख | |
| 12. | संक्षिप्त सेवा विवरणः | |
| 13. | क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं | |

हस्ताक्षर ..............................

नामः ..............................

पदनामः ..............................

दूरभाष ..............................

सं0..............................

उपर्युक्त प्रविष्टियां इस कार्यालय में उपलब्ध अभिलेखों से सत्यापित कर ली गई हैं और सही पाई गई हैं।

हस्ताक्षरः ..............................

## सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र

वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की जांच करने के उपरान्त यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री ................................................ जिन्होंने तदर्थ प्रतिनियुक्ति आधार पर योजना आयोग में कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक के पद हेतु आवेदन किया है, की सत्यनिष्ठा में कोई संदेह नहीं है।

(उपसचिव अथवा इससे उच्च स्तर के अधिकारी के हस्ताक्षर)

नाम व कार्यालय मुहर :

दिनांक

## सतर्कता निकासी प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री ........................................... जिन्होंने तदर्थ प्रतिनियुक्ति आधार पर योजना आयोग में कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक के पद हेतु आवेदन किया है, के विरुद्ध कोई अनुशासनिक/आपराधिक कार्रवाई न तो लंबित है अथवा अवेक्षित है।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

नाम व कार्यालय मुहर :

दिनांक :

## दण्ड नहीं प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री ................................................ जिन्होंने तदर्थ प्रतिनियुक्ति आधार पर योजना आयोग में कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक के पद हेतु आवेदन किया है, के विरुद्ध पिछले दस सालों के दौरान कोई लघु/मुख्य दण्ड नहीं लगाया गया है।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

नाम व कार्यालय मुहर :

दिनांक :